हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री


11 भारी मात्रा में लाखों रुपए की दवाई को रोड किनारे फेंका





11 विधानसभा और लोकसभा में मिली जीत भाजपा ने ...




## खबर संक्षेप

### पिकअप वाहन की ठोकर से ई रिक्शा सवार घायल

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोरिंग के गौठान के पास पिकअप की ठोकर से ई रिक्शा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम भोरिंग निवासी नंदकुमार ढीढी पिता स्व. लालजी ढीढी निवासी की ई रिक्शा वाहन क्र. सीजी 06 एचए 7023 को भोरिंग से तुमगांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वहां से भाग निकला। हादसे में ई रिक्शा में बैठे व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ 125, 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।



### मामूली बात को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बलौदा थाना अंतर्गत कलारपारा में लाइट डेकोरेशन का करने वाले व्यक्ति से बारात में नाचने के दौरान हुई कहा सुनी को लेकर मारपीट की गई। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बलौदा कलारपारा निवासी गणेश भोई 13 जुलाई 2024 को रात ग्राम बलौदा से बाराती के साथ लाईट डेकोरेशन लेकर ग्राम पझरापाली गया था, जहां उसके साथ में काम करने वाले दोस्त रोशन यादव, करन यादव एवं अन्य बाराती लोग भी थे। इसी दौरान बारात में गांव के आकाश दीवान एवं विवेक यादव के साथ नाचने के दौरान कहासुनी हो गई। अगले दिन सुबह 4 बजे आकाश दीवान एवं विवेक यादव वहां आकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और हाथ में पहने कड़े से मारने से गणेश के सिर एवं नाक के पास चोट आई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश दीवान व विवेक यादव के विरुद्ध अपराध धारा 115(2), 296, 3(5)बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



### पति एवं ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट किए जाने की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। बलौदा पुलिस ने बताया कि जलकोट निवासी महिला पूजा साहू पिता चंद्रशेखर त्रिपाठी की शादी सामाजिक रीति रिवाज से ग्राम कोदोगुढा के खेमराज साहू के साथ हुई थी। महिला के साथ विवाह के बाद से ही पति खेमराज साहू एवं ससुर जयलाल साहू द्वारा दहेज कम दहेज लाई हो, काम काज ठीक से नहीं करती हो, कहकर मारपीट किया जा रहा था। दोनों आरोपी आए दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे, महिला के पति एवं ससुर द्वारा मायके से 5 लाख रुपए एवं 5 एकड़ जमीन की मांग की गई, मना करने पर कई बार मारपीट किया गया, जब वह दो महीने की गर्भवती थी, तब 25 फरवरी 2024 को पति ने पेट में लात मार दिया था, जिससे तंग आकर 28 फरवरी को महिला अपने पिता के साथ मायके चली गई। जहां 2 मार्च 2024 को उसका गर्भपात हो गया। बलौदा थाने में महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 313, 498 ए के तहत अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# अवकाश के लिए सरकारी शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन ही होंगे स्वीकार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवकाश के मामले में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर शिकंजा कसने की नई व्यवस्था लागू की है। अब सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को यदि एक दिन के लिए भी अवकाश चाहिए तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद विभाग से उन्हें अनुमति मिलने पर ही वे अवकाश पर जा सकेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा 15 जुलाई से नई व्यवस्था को लागू भी कर दिया गया है।

सरकारी स्कूलों में अक्सर शिकायत शिकायत रहती है कि शिक्षक बिना बताए अपनी मनमर्जी से अवकाश चले जाते हां और कई दिनों तक स्कूल नहीं पहुंचते। कई बार शिक्षक देरी से स्कूल पहुंचते है और कोई अफसर उस दौरान निरीक्षण करने पहुंच जाए तो वे कोई ना कोई बहाना बनाकर छुट्टी के आवेदन देकर कार्रवाई से बच जाते हैं। यह भी शिकायत मिली है कि एडवांस में आवेदन लिखकर रख दिया जाता है और जरूरत पड़ने पर सहकर्मी तारीख लिखकर जमा कर देता है। लेकिन, अब नई व्यवस्था के अनुसार शिक्षा विभाग शिक्षकों को बिना ऑनलाइन आवेदन के छुट्टी नहीं देगा। रायपुर लोक शिक्षण संचालनालय ने इसको लेकर 10 जुलाई को सभी जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी कर दिया है। इसके लिए एक अलग पोर्टल तैयार किया है। नया सिस्टम 15 जुलाई से लागू कर दिया है। अब तक शिक्षक लिखित आवेदन देकर छुट्टी हासिल किया करते थे।

## सरकारी शिक्षकों पर शिकंजा कसने की तैयारी, 15 जुलाई से हो चुका है लागू

### पोर्टल पर करना होगा आवेदन

शिक्षकों का अकाउंट पहले ही पोर्टल पर बना दिया गया मोबाइल नंबर और पासवर्ड डालकर पहले लॉग इन करना होगा। उसके बाद डैशबोर्ड ओपन होगा। यहां से अवकाश की संख्या उपलब्ध होगी। यहां से आगे शिक्षक नए अवकाश के लिए आवेदन, निरस्त या अवकाश की तिथि को बढ़ा-घटा सकता है।





### लापरवाही होगी कम

शिक्षकों के अवकाश की मॉनिटरिंग लोक शिक्षण निदेशालय करेगी। साथ ही अवकाश को लेकर रिपोर्ट भी तैयार करेगा। इस तरह ऑनलाइन सिस्टम होने से शिक्षकों की लापरवाही कम हो जाएगी। कोई शिक्षक बिना विभाग के अप्रूवल के अवकाश पर चला जाता है, तो उस पर विभाग कार्रवाई करेगा।

**ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार :** महासमुंद बीईओ लीलाधर सिन्हा ने बताया कि छुट्टी के लिए ऑनलाइन आवेदन के संबंध में पूर्व में वॉट्सअप के माध्यम से शिक्षकों बता दिया गया है। पोर्टल के संबंध में भी जानकारी दे दी गई है। अब इसके लागू होने के बाद ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**धरना:** चरमरा रहा पीडीएस दुकानों का सिस्टम, गोदामों से चावल का उठाव भी थमा

# वेयर हाउस के कर्मचारी भी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर बेमियादी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटवारियों के बाद स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारी भी बेमियादी हड़ताल पर हैं। 8 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, पदोन्नति और श्रम सम्मान राशि कर्मचारियों की प्रमुख मांग है। यदि यह हड़ताल शीघ्र समाप्त नहीं हुआ तो पीडीएस दुकानों का सिस्टम चरमरा जाएगा। गरीबों को मिलने वाले चावल और राशन का परिवहन ठप हो सकता है। हालांकि, नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विकल्प के रूप में अस्थाई कर्मचारियों से कार्य लेने पर विचार किया जा रहा है।

जिले सहित प्रदेश में पटवारी संघ 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल अब एक पखवाड़ा होने जा रहा है, इससे राजस्व संबंधी कार्य में गतिरोध कायम है। इस बीच स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के कर्मचारी भी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने अपने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के कर्मचारी राजधानी रायपुर में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन कर रहे है। बता दें कि बीते 10 जुलाई को इन कर्मचारियों द्वारा विभागीय मंत्री से लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। वहीं, मांग पूरी न होने पर 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी थी। इस दौरान कोई शासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नही किया गया तो ये कर्मचारी आंदोलन की राह पर चल पड़े। एसडब्लूसी के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से तीन दिनों से खाद्यन्न वितरण व्यवस्था बिगड़ गई है। जिले के सैकड़ों दुकानों में हड़ताल के तीसरे दिन भी चावल नहीं पहुंचा।



### सिर्फ 28 दुकानों में स्टॉक फुल

जानकारी के मुताबिक जुलाई माह के राशन वितरण के लिए पखवाड़े भर में सिर्फ 28 दुकानों में ही कोटे के अनुसार फुल स्टॉक हो पाया है। बाकी के 525 पीडीएस दुकानों के गोदाम खाली हो चुके हैं, जिसके चलते हितग्राहियों को वापस लौटना पड़ रहा है। राशन का स्टॉक नहीं होने के कारण पीडीएस दुकानों में ताला लटक चुका है।

### वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार

नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक आदि नारायण ने बताया कि रोजाना उनकी ट्रकें चावल का उठाव करने वेयर हाऊस के गोदाम पहुंच रहे हैं। लेकिन, बार-बार समझाने के बाद भी एसडब्लूसी के कर्मचारी चावल का उठाव करने नहीं दे रहें।पीडीएस की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।

# तीन जगहों से 90 किलो गांजा जब्त, 7 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली, सिंघोड़ा और कोमाखान पुलिस ने गांजा तस्करी के तीन मामले में 90 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

सरायपाली पुलिस ने एक कार से 50 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पदमपुर रोड पेट्रोल पंप के आगे छिबर्रा मोंड के पास जाकर एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 12 एपी 0252 को घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में कार चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम दुर्गाप्रसाद पटेल ग्राम भूकेल बसना का रहने वाला बताया तथा सामने बगल वाले सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भोजराज पटेल निवासी लोहरसिंग ओडिशा का रहने वाला बताया। कार की तलाशी के दौरान संदेहियों के वाहन की डिक्की में तीन प्लास्टिक बोरी में एक-एक किलो के 50 पैकेटों में कुल 50 किलो 200 ग्राम गांजा कुल कीमत 5,00.000 रुपए भरा हुआ मिला, जिसे जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से कार कीमत 3,00,000 रुपए, दो नग टच स्क्रीन मोबाईल जब्त किया गया।

### सिंघोड़ा पुलिस ने जब्त किया 3.75 लाख का गांजा

गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे मध्य प्रदेश के एक आरोपी को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3,75,000 रुपए का 25 किलो गांजा समेत कुल 9,45,000 रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर का छोटा हाथी क्रमांक एमपी 04 एलडी 8429 की ट्रॉली के बने रैक में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है।

### कोमाखान पुलिस ने जब्त किया 15 किलो गांजा

कोमाखान पुलिस ने गांजा के अवैध परिवहन के मामले में 4 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 15 किलो गांजा कीमत 225000 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी सैयद मेहदीमिया पिता सैयद पीर (23 साल) जमील कालोनी महाराष्ट्र , निसार खान पिता नासीर खान (30 साल) निवासी लकडगंज महाराष्ट्र, शेख नदीम पिता शेख अजीम (28 साल) नई बस्ती महाराष्ट्र , बांके सिंह कंसाना गुर्जर पिता बदन सिंह कंसाना गुर्जर 40 साल) ग्राम आदर्श नगर मप्र को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध रेत खदान संचालित करने वालों पर कार्रवाई, वैध रेत खदान शुरू करने ज्ञापन

**महासमुंद।** अवैध रेत खदान संचालित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ जिले में वैध रेत खदानों को शुरु किए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ हाईवा पहिवहन कल्याण संघ ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छग हाईवा परिवहन कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद अग्रवाल



के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में संघ ने कहा है कि जिस प्रकार अवैध परिवहन करते पाए गए हाईवा मालिकों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 379 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उसी प्रकार अवैधानिक तरीके से रेत खदान संचालन करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जब तक अवैध खदान संचालित होंगे तब तक मजबूरन हाईवा मालिकों को अवैध खदानों से ही लोडिंग लेना पड़ेगा। अतः शीघ्र ही वैध रेत खदानें शुरू करें व शासन के नियमों के अनुसार लोडिंग कार्य किया जाए जिससे हाईवा मालिकों को अपने खिलाफ होने वाले कार्रवाई और असुविधा से निजात मिल सके। संघ ने आगे कहा कि अवैध रेत खदान संचालित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने नियम बने अन्यथा हाईवा मालिकों पर भी कार्रवाई करना बंद हो। अवैध खनन करते पाए जाने पर मशीनों को राजसात किया जाए। इस दौरान पर प्रदेशाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, महासचिव प्रदीप चंद्राकर, उपाध्यक्ष शैलेंद्र चंद्राकर, सचिव संतोष यदु, युगल शर्मा, उपाध्यक्ष अंकित पाठक, मीडिया प्रभारी उपेंद्र भारती, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, राधे निषाद, हनीफ निजामी, अतुल बघेल आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली बहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देवशयनी एकादशी के अवसर पर बुधवार को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भैया बलराम के साथ मौसी के घर से मंदिर के गर्भ गृह में लौटे। इस अवसर पर महांती समाज द्वारा निकाली गई बाहुड़ा यात्रा स्थानीय सुभाष नगर स्थित श्री जगन्नाथ भवन से प्रारंभ होकर केएन ऑयल मार्ग होते हुए, मेन रोड, स्वामी चौक, नेहरू चौक, गांधी चौक होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। भगवान के घर वापसी के बाद भक्तों ने पूजा-अर्चना की।

बता दें कि रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भैया बलराम के साथ रथ में सवार होकर शहर में भक्तों को दर्शन देने निकले। पश्चात वे अपनी मौसी के घर में थे। बुधवार को बाहुड़ा यात्रा के साथ उनकी वापसी हुई। आज से



चातुर्मास की शुरुआत होने जा रही है जिसमें सावन, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक माह आते हैं। इस दौरान मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी।

### भगवान को लगाया 56 भोग

बाहुड़ा यात्रा को लेकर हर बार महंती समाज द्वारा विशेष आयोजन किया जाता रहा है। समाज के लोगों द्वारा बाहुड़ा यात्रा हर बार पूरे उत्साह से मनाया जाता है। समाज के लोग बाजे-गाजे और नाचते गाते मंदिर लेकर पहुंचते। इस बार भी आयोजन ऐसा ही रहा। बुधवार को सुबह महाआरती का आयोजन हुआ, साथ ही छप्पन भोग भी भगवान को अर्पित किया गया।

### आरती के बाद चार माह का विश्राम

बुधवार देर रात बाहुड़ा यात्रा के माध्यम से मंदिर लौटने के बाद राम मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना की गई। श्रीराम जानकी मंदिर पुजारी नारायण दास वैष्णव ने बताया कि आरती के बाद भगवान चार माह तक विश्राम करेंगे। इसे चातुर्मास कहा जाता है, इस दौरान मांगलिक कार्यों की मनाही होती है। कार्तिक माह में भगवान के जागने के साथ ही फिर से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे।

# जुआ फड़ पर छापा, 6 लोगों से एक लाख रुपए से ज्यादा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी पुलिस ने जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर कार्रवाई करते हुए 6 लोगों से 1 लाख रुपए ज्यादा की रकम जब्त करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की है. पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को सूचना मिली कि बीकेबाहरा से चंडी मंदिर जाने वाले रास्ते के जंगल में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा, इस दौरान कुछ लोग भाग निकले। वहीं पकड़े गए लोगों में अरूण कुमार साहू पिता बोधीराम साहू (38 वर्ष) वार्ड नं. 5 फिंगेश्वर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, महेंद्र कुमार पिता ईतवारी साहू (40 वर्ष) मौरीकला थाना कुरूद जिला धमतरी, जितेन्द्र कुमार पिता रमेश कुमार सिंधी ( 32 वर्ष) रायपुरा महादेव घाट इन्द्रप्रस्थ कालोनी रायपुर, बृजलाल मौर्य पिता रमापति मौर्य (28 वर्ष) वार्ड नं. 24 इंदिरा कॉलेज के पीछे वैशाली नगर थाना वैशालीनगर भिलाई, रमेश टोडर पिता टेपचंद टोडर (19 साल) तर्री थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर, शुभम सोरी पिता बृजलाल सोरी (24 साल) शीतलापारा नयापारा थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर शामिल थे। पुलिस ने जुआ खेल रहे लोगों से कुल 1,11,580 रुपए जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ(प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

अब तक जिले की औसत बारिश सिर्फ 218 मिमी बारिश दर्ज

# 9 साल बाद अब तक की स्थिति में बारिश सबसे कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वर्ष 2014 में जुलाई माह का पखवाड़ा बीतने के बावजूद 200 मिमी से कुछ ज्यादा बारिश हो पाई थी। लेकिन, इसके बाद मानसून ऐसा सक्रिय हुआ कि 2014 के बारिश का रिकार्ड 10 सालों से टूट नहीं पाया है। कुछ ऐसी ही स्थिति इस वर्ष भी देखा जा रहा है। अब तक जिले की औसत बारिश सिर्फ 218 मिमी है। मौसम विज्ञानिकों की मानें तो आने वाले दिनों में तेज बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। बहरहाल, औसत से काफी कम बारिश होने से खेती का काम रुका हुआ है।

जुलाई के महीने में बारिश का आंकड़ा बीते कुछ सालों से औसत से काफी होने लगा है। इस साल भी यही स्थिति बनी हुई है। जिले में औसत से काफी कम बारिश होने से खेती का काम रुका हुआ है। बारिश की धीमी रफ्तार के चलते धान की खेती पर बुरा असर पड़ रहा है। कम पानी के चलते किसानों की रोपाई, बियासी, धरहा आदि का काम ठप पड़ा है। आंकड़ों पर गौर करें तो जुलाई में इसके पहले तक कभी कम तो कभी ज्यादा या नार्मल स्थिति में बारिश होती रहीं। इस साल भी अभी तक औसत से 38 फीसदी बारिश कम हुई है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश हुई तो आंकड़े ठीक हो सकते हैं। जैसा कि वर्ष 2014 में जुलाई माह के पखवाड़े तक सुस्त रफ्तार बनाए रखने के बाद एकाएक मानसून इस कदर सक्रिय हुआ कि सितंबर माह तक जिले का औसत बारिश 119 फीसदी तक पहुंच गया।

### फसल के लिए ज्यादा विलंब नहीं

कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि अभी धान की फसल के लिए बहुत ज्यादा विलंब नहीं हुआ है। लेकिन, बारिश की स्थिति को देखते हुए धान की सीधी बुआई की जगह लेई पद्धति का प्रयोग करें। जहां रोपाई हो गई है वहां पानी भरकर न रखते हुए नमी बनाए रखें। साथ ही नर्सरी 25 दिन से अधिक उम्र के लिए 2 से 3 पौधे उपयोग करें। खेतों में पानी रोकने के उपाय करें।

### तीन दिन हल्की, फिर अच्छी वर्षा

हल्की बारिश फिर धूप के कारण पूर समय चिपचिपी गर्मी से लोग परेशान हैं। बुधवार को लगातार कुछ देर के बारिश होने बाद मौसम साफ हो जा रहा था, जिससे चिपचिपी गर्मी बढ़ जा रही थी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो-तीन दिन संभाग के जिलों में हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है, उसके बाद 20 जुलाई से प्रदेश के जिलों में रूक-रूक कर वर्षा का दौर बने रहने की संभावना है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### 18 को होने वाला जनदर्शन स्थगित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह जन दर्शन 18 जुलाई गुरुवार को होने वाला था। बताया गया है कि श्री साय 18 तारीख को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे।

### पीएससी की सीबीआई जांच पोलिटिकल प्रोपोगंडा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पीएससी मामले की सीबीआई जांच भाजपा का पोलिटिकल प्रोपोगंडा है। पीएससी की तथाकथित गड़बड़ियां विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने भाजपा ने गलत आरोप लगाया था। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी बयान आया है कि सीबीआई जांच से युवाओं की शंका दूर होगी अर्थात भाजपा के वरिष्ठ नेता भी पीएससी का गड़बड़ी के आरोपों को शंका मात्र ही मानते हैं। सीबीआई जांच में भी कुछ हासिल नहीं होने वाला। इस जांच से भाजपा के झूठे आरोपों की पोल खुलेगी और सच्चाई सामने आयेगी। उन्होंने कहा, राज्य लोकसेवा आयोग में कथित गड़बड़ी के आरोप भाजपा ने साजिश के तहत लगाया था। अमूमन किसी भी परीक्षा में गड़बड़ियों के यह आरोप लगते हैं।

### छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार का छत्तीसगढ़ी ओलिंपिक बंद करने का निर्णय गलत है। यह भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ी खेलों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है। यह छत्तीसगढ़ी अस्मिता से खिलवाड़ है। छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक चालू करके पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के जो पारंपरिक खेल थे, उनको बढ़ावा दिया था। इसका व्यापक पैमाने पर स्वागत हुआ था। हर वर्ग के लोग, बच्चे, युवा, बूढ़े, महिला सभी इसमें भाग लेते थे और इससे न सिर्फ छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता था, लोगों को इसके कारण शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती थी।

### छग सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे दोपहर 1 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर तीन बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। शाम छह बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे रात आठ बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे तथा रात 9.20 बजे रायपुर से नियमित विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे रात 11.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा रखना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसी श्रृंखला में पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बादाम सहित विभिन्न फलदार पौधे उनके द्वारा प्रदाय कर रोपित किए गए। अभियान के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने कहा कि, वृक्षारोपण एक प्रेरणादायी पहल है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगी। अपने परिवेश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव सौरभ शर्मा, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. नीति ताम्रकार सहित शिक्षक और विद्यार्थियों शामिल हुए।

# पीएम सूर्य योजना में पोर्टल की समस्या, वेंडरों का काम भी सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूर्योदय पीएम योजना के तहत अपने घर की छत पर बिजली का उत्पादन करने के लिए प्रदेश के बिजली उपभोक्ता भी रुचि दिखाने लगे हैं, लेकिन एक तरफ जहां पोर्टल की समस्या के कारण आवेदनों को लेकर परेशानी हो रही है, वहीं वेंडर भी तेज गति से काम नहीं कर पा रहे हैं। अब तक योजना में 35 सौ आवेदन आ गए हैं, लेकिन जहां तक उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो महज 147 घरों पर सोलर पैनल लगे हैं। इस योजना में देशभर के एक करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ से इस योजना में करीब 25 हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने की छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने योजना बनाई है। इस योजना में जुड़ने वालों को हर माह 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी।

अपने प्रदेश में भी में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले साल रिकॉर्डतोड़ खपत के बाद अपने राज्य में इस साल भी गर्मी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई है। आने वाले समय में यह खपत सात हजार मेगावाट तक जा सकती है। मानसून में भी उमस के कारण बिजली ने खपत का रिकॉर्ड पिछले साल तोड़ने का काम किया। आमतौर पर अपने देश में बिजली की जितनी खपत है, उसकी तुलना में उत्पादन उतना नहीं हो पाता है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा भी होगा।

## 35 सौ आवेदन में सोलर पैनल लगे महज 147 ही

### प्रदेश में 25 हजार का लक्ष्य

अपने प्रदेश में 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं में 47 लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जिनकी खपत महज 300 यूनिट की होती है। घरेलू उपभोक्ताओं में से 25 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ने की तैयारी है। इस योजना में सबसे ज्यादा सात हजार उपभोक्ता रायपुर, छह हजार उपभोक्ता दुर्ग-भिलाई, छह हजार उपभोक्ता बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में तीन-तीन हजार उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है।




### केंद्र-राज्य से अनुदान

योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने इसके लिए अनुदान भी तय किया है। इसमें केंद्र सरकार से जहां 1 से 2 किलोवाट के लिए 30 से 60 हजार और 3 किलोवॉट या इससे ज्यादा के लिए 78 हजार का अनुदान मिलेगा, वहीं राज्य सरकार से भी 15 से लेकर 45 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### प्रदेशभर से युवा, किसान, महिलाएं और अलग-अलग फील्ड के प्रोफेशनल पहुंचे

# विजन डाक्यूमेंट तैयार करने मिले सैकड़ों सुझाव युवा, कृषक, महिलाएं और प्रबुद्धजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट सभी की भागीदारी से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है, इसे पूरा करने के लिए हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने अगले पांच साल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का आह्वान किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने में छत्तीसगढ़ का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, युवाओं, कृषकों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण विचार साझा किए।



### कृषि में बढ़ानी होगी युवाओं की भागीदारी : ओपी चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन तथा सर्विस सेक्टर में भी असीम संभावनाएं हैं। वर्तमान में कृषि में रसायनिक खाद के उपयोग से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। हमें जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। कृषि में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा, प्रोग्रेसिव फॉर्मिंग के लिए किसानों की जमीन को एक साथ करने के लिए विचार करने की जरूरत है।

### प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं

छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है और प्रदेश में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। एक नवम्बर को नई उद्योग पॉलिसी लाने वाले हैं। उसी दिन को विजन डॉक्यूमेंट भी पेश किया जाएगा। हमारी सरकार हर क्षेत्र में रीफार्म ला रही है और 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करेंगे।

### कृषि और अन्य क्षेत्रों में आए ये सुझाव

छत्तीसगढ़ को देश में कृषि एवं प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाऊस बनाने आज कृषकों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी फसलों, कृषि के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनेक मुद्दों पर अपना सुझाव दिए। परिचर्चा में स्वास्थ्य छत्तीसगढ़, सुखी छत्तीसगढ़, सुस्थायित्व (स्टेनेबिलिटी) स्थायी समुदाय सतत उत्पादन और उपभोग, कृषि सुपर फूड्स शक्ति, सेहत प्राकृतिक औषधालय, सेवा क्षेत्र आईटी का नया गढ़, लॉजिस्टिक्स जुड़ता छत्तीसगढ़, बढ़ता छत्तीसगढ़ पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार शिक्षा फ्यूचर रेडी, प्रतिभाशाली छत्तीसगढ़, संस्कृति कला और संस्कृति की नई पहचान, विनिर्माण उद्योग की नई परिभाषा, वन्य उत्पाद स्थानीय उत्पाद, वैश्विक पहचान, पर्यटन प्रकृति से संस्कृति तक, गवर्नेंस सरल, सुरक्षित छत्तीसगढ़ विषय पर चर्चा की गई। प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज की सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास किया जाए।

### 200 प्रतिभागी हुए शामिल

संवाद कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम में काष्ठ शिल्पकार एवं पद्मश्री से सम्मानित अजय मण्डावी एवं पद्मश्री जागेश्वर यादव, कोण्डागांव से आयी महिला कृषक उदेश्वरी, शुभम दीक्षित, सिमरन, अंकित जैन, शताब्दी पाण्डेय, सुधा वर्मा सहित अनेक लोगों ने सुझाव दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार धीरेन्द्र तिवारी, राज्य नीति आयोग के सदस्य के. सुब्रमण्यम, सचिव अनूप श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत भी उपस्थित थे।

# राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष-सदस्यों के वेतन भत्तों का नया नियम बना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य और जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्षों और सदस्यों के वेतन-भत्ते का नया नियम राज्य सरकार ने बनाया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन किया गया है। बताया गया है कि यह मॉडल नियम 2020 को सम्यक रूप से अंगीकृत करते हुए बनाया गया है।


### जिला आयोग के अध्यक्ष को इतना वेतन

जिला आयोग में अध्यक्ष के रूप में यदि कोई सेवारत न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है, तो वह ऐसे वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा जो वह जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त कर रहा है। परंतु यदि सेवारत जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है और अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान ही वह सेवा निवृत्त हो जाता है, तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन, भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन देय होगा। इसी तरह यदि कोई सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन के समान होगा। जिसमें पेंशन भत्ते, और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाले शुद्ध वेतन होगा। यदि कोई अधिवक्ता अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होता है तो उसका वेतन राज्य सरकार के अतिरिक्त सचिव को को प्राप्त होने वाले वेतन के समान होगा। जिसमें भत्ते और अन्य सुविधाएं घटाकर निर्धारित किए जाने वाला शुद्ध वेतन होगा ।

### राज्य आयोग के अध्यक्ष का वेतन कितना

राज्य आयोग का अध्यक्ष सेवारत न्यायाधीश नियुक्त होता है, तो वह उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होने वाले वेतन, भत्ते, एवं अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। इसके साथ ही राज्य आयोग का सेवानिवृत्त न्यायाधीश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तो उसका वेतन सेवानिवृत्ति के समय आहरित अंतिम वेतन में से पेंशन को घटाकर होगा तथा भत्ते एवं अन्य सुविधाएं वही होंगी, जो सेवारत न्यायाधीश को प्राप्त होती है।

# मैनाडोंगरी पहाड़ी में 250 लीटर कच्ची शराब और 2300 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



**महासमुंद।** अवैध रूप से आसवित हानिकर कच्ची शराब के विनिर्माण, भण्डारण तथा विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई में मंगलवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त सरायपाली तथा बसना द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम छुईयापाली स्थित मैनाडोंगरी पहाड़ी में दबिश दी गयी।

आबकारी टीम द्वारा मैनाडोंगरी पहाड़ी में तलाशी ली जाने पर 2 चढ़ी भट्ठी, जिसे तोड़ने पर 50 बल्क लीटर कच्ची शराब एवं 2 नग 100 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक ड्रम में 200 लीटर कुल 250 लीटर कच्ची शराब तथा 11 नग 100-100 किलो क्षमता वाली एवं 6 नग 200-200 किलो क्षमता वाली कुल 17 नग प्लास्टिक ड्रम में भरी हुई महुआ लाहन कुल 2300 किलो ग्राम बरामद कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (1) (क), (च), 34(2) एवं 59 (क ) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों की पता साजी की जा रही है।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सरायपाली दरसराम सोनी एवं आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बसना नितेश बैस के संयुक्त टीम में आरक्षक राजकिशोर पांडे, खिनीराम खुटे, श्री मरकाम, सैनिक लक्ष्मीचरण, कविग्वाल एवं आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन पर गरमाई राजनीति, भूपेश बोले-महिलाओं को नहीं मिल रही राशि, चौधरी का जवाब- मेरे गांव आकर देख लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सियासी विवाद में कूदे पूर्व मंत्री डहरिया भी
- चौधरी का पलटवार, कांग्रेस ने 500 भी नहीं दिए



छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महतारी वंदन योजना को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। इसकी शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एक ट्विट से हुई जब उन्होंने कहा- महतारी के नाम पर योजना शुरू की, फिर उस योजना में पैसा देने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली बिल के नाम पर वसूली शुरू की।

जनता से वसूली करने के बाद भी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि क्यों नहीं मिल रही है? ये वसूलीबाज सरकार जवाब दे। इसके जवाब में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने गांव आने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा, 70 लाख माता बहनों को हर माह 1000 मिलने पर भूपेश बघेल के पेट में दर्द हो रहा है। उनके गांव में जाकर यदि हाथ खड़े कराएंगे, तो कितनों का हाथ उठेगा, ये भूपेश बघेल खुद जाकर देख सकते हैं।

### विवाद में कूदे डहरिया

इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी कूद पड़े हैं। महतारी वंदन योजना को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, जिन लोगों को महतारी वंदन की राशि जारी हो रही थी, उनकी सूची सरकार को जारी करनी चाहिए। डहरिया ने कहा, पहले चुनाव के समय सभी लोगों से फॉर्म भरवाए गए। चुनाव के समय तक बहुत सारे लोगों को राशि दी गई, उसके बाद अब आधे से ज्यादा लोगों का नाम काट दिया गया। गांव-गांव में यह शिकायत आ रही है कि पहले पैसा मिलता था, अब नहीं मिल रहा है।

### कांग्रेस ने 500 रुपए देने का वादा कर नहीं दिया

महतारी वंदन योजना पर गरमाई राजनीति आरोप-प्रत्यारोप के बीच सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने से पहले मैनिफेस्टो में महिलाओं को 500 हर महीने देने का वादा किया गया, पांच साल तक किसी को पांच रुपए तक नहीं दिए। हमारी सरकार में महिलाओं को 1000 प्रति महीने मिल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने पीएससी घोटाले और रोजगार की बात भी जोड़ी। पीएससी घोटाले की जांच पर वित्तमंत्री ने कहा, कांग्रेस राज के दौरान पीएससी में माफिया राज चला, हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि भर्तियों में गड़बड़ियां समाप्त हो। हमने सीबीआई जांच का वादा किया, जांच की जा रही है।

### संगठन को देंगे मजबूती

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पिछली बैठकों के संबंध में कहा था कि संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर पिछली बैठकों में चर्चा की गयी। निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने जिम्मेदारी दी जाएगी। पीसीसी अध्यक्ष को बड़े नेताओं ने इसके लिए अधिकृत कर संगठन को मजबूती देने पर कार्य करने कहा है। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के जिला बाडी में बदलाव को मूर्त रूप दिया जाएगा।*

### पार्टी संगठन में निचले स्तर पर होगा बदलाव

# पीसीसी अध्यक्ष बैज के नेतृत्व में लड़ा जाएगा नगरीय निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में हुई कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में निचले स्तर पर बदलाव कर उसे मजबूती प्रदान करने रणनीति तैयार की गई है। संगठन में उन सभी जिला अध्यक्षों के कार्यों का आकलन करने के बाद नई टीम तैयार कर निकाय चुनाव में ताकत झोंकी जाएगी। पिछले सप्ताह हुई बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से मिले सुझावों के आधार पर काम शुरू हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के संबंध में लगातार



समीक्षा की जा रही है। एआईसीसी ने इसी आधार यह जानने का प्रयास किया कि संगठन से कहां चुक हुई कि चुनाव में हार का समाना करना पड़ा। उसके आधार पर सभी लोकसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से चर्चा के बाद संगठन का पुनर्गठन कर आगे की रणनीति तैयार करने प्रदेश बाड़ी को कहा गया। इसी आधार पर संगठन ने पिछले 9 और 10 जुलाई को कार्यसमिति और अन्य पदाधिकारियों की बैठक कर रणनीति बनाई।

प्रदेश अध्यक्ष को संगठन में बदलाव के संबंध में अधिकृत किया गया है। बताया गया है कि उसके आधार जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। रणनीति में यह भी कहा गया कि प्रदेश स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाए। निकाय चुनाव से पहले इसे पूरा कर सभी निकायों में कांग्रेस स्थानीय लोगों को चुनाव में उतारेगी।

### संगठन को मजबूती देने कड़ा रुख अपनाएगी

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अब पार्टी का पूरा ध्यान आगे की रणनीति पर केंद्रित हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का एक साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। उनके कार्यकाल में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। मामले में सत्ता और संगठन के बीच समन्वय में कमी और अंतर्कलह को जिम्मेदार माना गया। चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत लगाई, लेकिन परिणाम विपरीत रहा। संगठन को मजबूत कर ऐसे मामलों को ठीक करने पार्टी अब कड़ा रुख अपनाएगी।

# रायपुर ग्रामीण-उत्तर के मतदाताओं का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा की विधानसभाओं के मतदाता अभिनंदन समारोह के तहत मंगलवार को रायपुर ग्रामीण और रायपुर उत्तर विधानसभा के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विकास के लिए एक करोड़ देने की घोषणा की।


रायपुर ग्रामीण के कार्यक्रम में को श्री अग्रवाल ने कहा, ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जानदार, शानदार और दमदार प्रदर्शन किया। लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट देकर, रायपुर को देश के शीर्ष 10 लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। इसके कारण अकेले रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख 7 हजार से ज्यादा मतों का अंतर रहा। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से इस जोश को बरकरार रखने के लिए कहा और आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन दोहराने की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा, अब उनके सांसद बन जाने पर क्षेत्र का अधिक तेजी से विकास होगा जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि से एक करोड रुपए देने की घोषणा भी की।

## खबर संक्षेप




### आज लौटेंगे हज यात्री

**महासमुंद।** शहर से हज ऐ बैतुल्लाह (हज यात्रा) के लिए गए हुए मोहम्मद सरफराज राजवानी व उनकी अहलिया, रियाज बक्श व उनकी वाल्दा की वापसी 18 जुलाई दिन गुरुवार शाम 4 होगी। सभी हाजी, हजरत सैय्यद शाह बाबा रहमतुल्लाह की दरगाह शरीफ सराफा बाजार पहुंचेंगे। जहां हाजियों का इस्तकबाल कर हज की मुबारकबाद दी जाएगी। हजरत सैय्यद शाह बाबा दरगाह में फातिहा खानी के बाद शहर में लोगों के घर मुलाकात कर हाजी अपने घर की ओर रवाना होंगे। जिसमें सभी लोगों की उपस्थिति की अपील की है।



### गुरु पूर्णिमा पर सत्संग 21 को

**महासमुंद।** स्थानीय शास्त्री चौक स्थित अंजोरी निवास में गुरु पूर्णिमा पर 21 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्संग का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुनारदेवरी कबीर आश्रम बलौदाबाजार से कबीर साध्वी चंद्रकला साहेब अपनी साध्वी मंडली के साथ पहुंच रही है। उक्त जानकारी देते हुए मुकुंद साहू ने सभी सत्संग प्रेमियों से प्रवचन लाभ लेने की अपील की है।

### सराईपतेरा में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**बसना।** सराईपतेरा में एक आदमी एक वृक्ष सुनहरा हो भविष्य तथा एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्य हुआ। योगेश बढ़ाई के मार्गदर्शन एवं धीरेंद्र भोई के सहयोग से पौधरोपण किया गया। लोगों को पौधरोपण के लाभ के बारे में बताया गया। प्रति वर्ष पौधरोपण करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद द्वारा कहा गया। सांसद ने गांव में आंवला पौधा लगाकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों ने तालाब मेड़ एव स्वयं के खेत और घर के बाड़ी में पौधा लगाने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे सुखराम निराला वन परीक्षेत्र अधिकारी बसना, एनके शर्मा सहायक वन परीक्षेत्र अधिकारी बसना एव योगेश बढ़ाई ने पौधा वितरण किए और सुरक्षा के उपाय बताए। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वांकाक्षी योजना वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिए अपील की।

### वन महोत्सव सप्ताह के तहत कुड़ेकेल स्कूल में रोपे गए पौधे

**बसना।** वन महोत्सव सप्ताह अंतर्गत शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कुड़ेकेल (बसना) में एक पेड मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया। गौरतलब हो कि स्कूल नर्सरी योजना अंतर्गत डीएफओ पंकज राजपूत, सहायक डीएफओ अनिल भास्करन के निर्देशन एवं बसना रेंजर सुखराम निराला, सहायक रेंजर नवीन कुमार शर्मा के साथ परिसर प्रभारी जगबाई रत्नाकर द्वारा पिछले एक वर्ष से 1100 विभिन्न प्रजातियों के पौधों को समय-समय पर पहुंचाकर, उचित देखरेख में सहेजकर बड़ा किया गया है। जिसे आज इस विद्यालय में छात्रों, स्टाफ, जनप्रतिनिधियों के साथ ग्राम के नागरिकों के हाथों वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पटेलिन बसंता सिदार के हाथों उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि श्रवण सिदार, पूर्व सरपंच उसतराम पटेल, पंच नरेंद्र पटेल, बाबूलाल विश्वकर्मा, करण पटेल, प्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य बलदेव मिश्रा ने किया।

**आयोजन:** महाविद्यालयीन छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

# वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय का मॉक विजिट दल ने किया निरीक्षण, सुझाव भी दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



मचेवा स्थित शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा गठित दो सदस्यीय मॉक विजिट दल द्वारा निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय द्वारा की गई तैयारी का निरीक्षण तथा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए डॉ. अमिताभ बैनर्जी प्राचार्य शासकीय जे. योगानंदनम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर तथा डॉ. जीए घनश्याम प्राध्यापक उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर प्रातः 9 बजे से महाविद्यालय में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की प्रावधान के तहत देश के प्रत्येक महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा निर्धारित मानदंड को प्राप्त कर अधिकृत मान्यता प्राप्त करना आवश्यक होता है। इसी तारतम्य में नैक टीम अगस्त माह के 01 और 02 तारीख को महाविद्यालय आएगी। जिसकी तैयारी की जांच महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल तथा महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) प्रभारी प्रो. मनीराम धीवर की अगुवाई में संपन्न कराया गया। निर्धारित समय पर पहुंची मॉक विजिट टीम के सदस्यों का महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुसज्जित मनभावन नृत्य द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण के बीचो-बीच स्थित महाप्रभु वल्लभाचार्य की प्रतिमा पर पूजन-नमन तथा पुष्प-अर्पण उपरांत दल का मुख्य द्वार में पारंपरिक रीति से स्वागत किया गया। निरीक्षण प्रारंभ करते हुए सबसे पहले महाविद्यालय की प्राचार्य तथा आईक्यूएसी अध्यक्ष डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय संबंधी संपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से दल सदस्यों को प्रदान की। अपने प्रतिपादन में प्राचार्य ने महासमुंद क्षेत्र की भौगोलिक राजनीतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने महाविद्यालय में उपलब्ध सभी प्रकार की अधोसंरचना तथा शैक्षिक तथा गैर शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय की विगत वर्षों में उपलब्धियां पर भी प्रकाश डाला।

प्राचार्य के प्रस्तुतिकरण के बाद आईक्यूएसी संयोजक मनीराम धीवर ने कक्ष क्रमांक 6 में प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, विगत वर्षों की परीक्षा परिणाम तथा विभिन्न विभागों की जानकारी टीम को दी। कक्ष में आईक्यूएसी समिति के सहसंयोजक डॉ. सीमा रानी प्रधान, नैक समिति के संयोजक डॉ. नीलम अग्रवाल, वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा, कला संकाय प्रमुख डॉ. रीता पांडे, विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ. करुणा दुबे, कंप्यूटर संकाय प्रमुख डॉ. अजय देवांगन उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग की जानकारियां पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किए। तत्पश्चात टीम महाविद्यालय विभिन्न विभाग यथा रसायन शास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य, हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, गणित, भौतिक शास्त्र, प्राणी शास्त्र, कंप्यूटर एप्लीकेशन, योग, मनोविज्ञान एवं भूगोल विभागों का निरीक्षण किया। विभागों में उपस्थित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से जानकारी लेने के साथ-साथ विभागों के विभिन्न फाइलों तथा पंजीयों का टीम ने सूक्ष्मता से जांच करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। तत्पश्चात टीम सदस्य महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 07 में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र तथा पालकगणों से मुखातिब हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के एलमनी संगठन को दिए गए पूर्व सूचना पर अमित चोपड़ा अध्यक्ष एलमनी एसोसिएशन एवं राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष एलमनी संगठन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

साथ ही महाविद्यालय से पूर्व में पढ़ाई किए छात्र जो वर्तमान में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत हैं, जिसमें मुख्य रूप से मुख्य रूप से दाऊलाल चंद्राकर, पारस चोपड़ा, राजेश शर्मा, राखी ठाकुर, महेंद्र जैन, डॉ. मंजू शर्मा, प्रभा पंडा, अजय थवाइत, विजय चौहान, गुलाब सेन, घनश्याम सोनी, डॉ. नियति अग्रवाल, गुप्तेश नामदेव, गुलाब ठाकुर, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, गौतम धीवर, दुर्गेश कुमार साहू, तरुण ध्रुव, देवीचंद्र राठी, प्रकाशमणि साहू, डॉ. अब्दुल करीम, विनय कुमार यादव, रामनारायण साहू आदि उपस्थित रहे। तत्पश्चात टीम विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, क्रीड़ा कक्ष, राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष, एनसीसी कक्ष, कैंटीन का जायजा लिया तथा महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों की जांच की। तत्पश्चात टीम ने महाविद्यालय कार्यालय में जाकर वहां की सभी फाइलों, पंजियों तथा रिकॉर्ड्स की सूक्ष्मता से जांच की। शाम 5 बजे विद्यार्थियों द्वारा सभागार में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छाप प्रदर्शित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य गायन आदि प्रस्तुत किया गया। अंत में टीम ने कक्ष क्रमांक 6 में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए महाविद्यालय को और श्रेष्ठ व सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव व मार्गदर्शन दिए। अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक व आईक्यूएसी संयोजक मनीराम धीवर ने टीम के दिनभर के प्रवास में दिए गए मार्गदर्शनों को सारगर्भित करते हुए मॉक टीम का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक कार्यालयीन कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही

# भारी मात्रा में लाखों रुपए की दवाई को रोड किनारे फेंका





हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। लाखों रुपए की दवाई का जखीरा जिसे नेशनल हाईवे एनएच 53 बसना के पास फेंका गया है। मीडिया में खबर आने प्रसारित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग बसना हरकत में आया और आननफानन दवाइयों को उठा लिया गया है।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग छग शासन द्वारा आम नागरिकों को निःशुल्क बांटे जाने वाली दवाई एवं इंजेक्शन भारी मात्रा में नेशनल हाईवे एनएच 53 के पास लावारिस पड़ा मिला। रास्ते से गुजरते हुए मीडिया कर्मियों की नजर पड़ी। भारी मात्रा में फेंकी गई दवाई एवं इंजेक्शन को देखा गया। जिसमें डायक्लोफ़ेनाक रेसिस्टेंस टेबलेट, आयरन एंड फोलिक एसिड की दवाई शामिल है। इतनी भारी मात्रा में शासकीय दवाइयों को फेंका जाना अनेक सवालों को जन्म देता है। यह बहुत बड़ा सवाल है ? आखिर क्यों फेंका गया। कई लाखों रुपए की दवाई को इस तरह से फेंक देना शासन को राजस्व का नुक़सान तो है ही साथ ही छत्तीसगढ़ के आम जनता गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इस संबंध में नारायण साहू बीएमओ बसना से संचार के माध्यम से चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि यह दवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना का का नहीं है। जिला स्वास्थ्य व मुख्य चिकित्साधिकारी, कलेक्टर महासमुंद को इसकी सूचना दे दी गई है। इन दवाइयों व इंजेक्शन को जांच के लिए सीजीएमएससी में भेजा गया है। बैच नंबर से पता चल पाएगा कि दवाइयां कहां की है। एफआईआर दर्ज किए जाने का निर्देश दिया गया है।

# विधानसभा और लोकसभा में मिली जीत भाजपा ने किया मतदाताओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में महासमुंद से भाजपा को मिली बड़ी जीत दर्ज करने पश्चात भाजपा ने बुधवार को शंकराचार्य भवन में मतदाताओं को सम्मान समारोह में सम्मानित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हमारी जीत में सम्मान का हकदार आप सभी मतदाता हो। आपने भाजपा पर भरोसा दिखाते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जीत दिलाई है। अब आगामी दिनों में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव है। उसमें भी आप सभी मतदाताओं का आशीर्वाद हमारे जनप्रतिनिधियों को दीजिए। उन्होंने कहा इससे पहले राज्य में काबिज रही कांग्रेस की सरकार आम जनता की हितैषी नहीं थी।

विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि महासमुंद क्षेत्र की जनता ने भाजपा से विधायक और सांसद बनाया। इसलिए इस जीत में मतदाताओं की जीत भी हुई है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि महासमुंद के मतदाताओं का आशीर्वाद उन्हें मिला और वे विधायक बने। साथ ही लोकसभा चुनाव में रूपकुमारी चौधरी को प्रचंड मतों से जीत दिलाई। अन्य नेताओं द्वारा किए गए संबोधन में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन चंद्रहास चंद्राकर ने किया और संचालन संदीप दीवान ने किया।

#### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, वरिष्ठ नेतागण चंद्रहास चंद्राकर, माधव राव टांकसाले, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, संदीप दीवान, रमेश साहू, मोती साहू, प्रदीप चंद्राकर, अनिता रावटे, प्रकाश शर्मा, झनक लाल साहू, सतपाल सिंह पाली, यतेंद्र साहू, सुधा साहू, येतराम साहू, पवन पटेल, मंगेश टांकसाले, देवीचंद राठी, पप्पू पटेल, धरम पटेल, श्याम साकरकर, धरमदास साहू सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मतदाता मौजूद रहें।

बिजनेस साईट

## चिकित्सा का महत्वपूर्ण क्षेत्र है प्लास्टिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद






आरएलसी हॉस्पिटल के चिकित्सक लेख चंद्रसेन (एमबीबीएस, एमएस जनरल सर्जरी) का कहना है कि व्यापक रूप से पर्यायवाची शब्द माने जाने वाले, प्लास्टिक सर्जरी और कॉस्मेटिक सर्जरी एक ही नहीं हैं। जबकि दोनों विशिष्टताएँ रोगी के शरीर को बेहतर बनाने के अपने लक्ष्य में निकटता से संबंधित हैं, उनके प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी परिणामों के लक्ष्य बहुत भिन्न हैं। कॉस्मेटिक सर्जरी समरूपता, अनुपात और सौंदर्य अपील पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रोगी की शारीरिक उपस्थिति में सुधार करने के लिए सर्जिकल तकनीकों को लागू करने पर केंद्रित है।

इसकी कुछ सबसे प्रसिद्ध प्रक्रियाओं में स्तन वृद्धि, चेहरे या शरीर का आकार और त्वचा का कायाकल्प शामिल है। इसके विपरीत, प्लास्टिक सर्जरी प्रकृति में पुनर्निर्माणात्मक होती है। इसकी मुख्य चिंताएं आघात, बीमारी, जन्म संबंधी विकारों और जलने से उत्पन्न चेहरे और शरीर के दोषों को ठीक करना है। जीवन बदलने वाली महत्वपूर्ण प्लास्टिक सर्जरी प्रक्रियाओं में शामिल हैं। बहुत से लोग सोचते हैं कि प्लास्टिक सर्जरी मशहूर हस्तियों की अतिरंजित दिखावे की नकल करने का एक साधन मात्र है। हालाँकि, यह सच्चाई से अधिक दूर नहीं हो सकता है, क्योंकि प्लास्टिक सर्जरी सभी उम्र के पुरुषों और महिलाओं को अपनी असुरक्षाओं को ठीक करने और यहां तक कि शरीर के कई क्षेत्रों के कार्य या पूर्णता को बहाल करने का एक तरीका प्रदान करती है। इस कारण से प्लास्टिक सर्जरी चिकित्सा का एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

बीमारी और चोट से होने वाली शारीरिक क्षति की मरम्मत के अलावा, प्लास्टिक सर्जरी मरीजों के आत्मसम्मान (आत्मविश्वास को बाहर निकालें) और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जन्म दोष को ठीक करने की इच्छा रखने वाले मरीज़ अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि जब वे सार्वजनिक रूप से बाहर होते हैं तो दूसरे लोग उन्हें कैसे समझते हैं। सर्जरी के बाद, वे सार्वजनिक स्थितियों में अधिक आरामदायक और आत्मविश्वास महसूस करते हैं। जो लोग कॉस्मेटिक लाभ के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराते हैं वे स्वतंत्रता और आत्मविश्वास की समान भावनाओं की रिपोर्ट करते हैं जो आहार और व्यायाम की आदतों में सकारात्मक बदलावों को भी प्रेरित करते हैं, जिससे वे स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीते हैं।

# विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, जिला स्तरीय बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- जिलाध्यक्ष ने कहा : प्रदेश में बढ़ते बिजली कटौती व बिगड़ते कानून व्यवस्था को लेकर करेंगे घेराव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के विरोध में 24 जुलाई को प्रस्तावित विधानसभा घेराव की तैयारी में महासमुंद जिला के कांग्रेसजन जुट गए है। तैयारी का जायजा लेने जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने आवश्यक बैठक बुलाई है। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद की महत्वपूर्ण बैठक 18 जुलाई को दोपहर 2 बजे कांग्रेस भवन में होगी।

जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा का घेराव प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, बेतहाशा विद्युत दरों में वृद्धि तथा भाजपा शासन में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर हैं। भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ अब अपराधगढ़ बनता जा रहा है और सरकार बेबस और लाचार नजर आ रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। क्योंकि, अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष के साथ-साथ सभी प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, सांसद प्रत्याशी, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, निगम/ मंडल/ आयोग/ बोर्ड के पूर्व पदाधिकारी, नगर पालिका- नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण, पूर्व एल्डरमैन, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, शहर कार्यकारिणी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सभी अनुषांगिक संगठन, सोशल मीडिया, आईटी सेल, किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, अजा कांग्रेस, अपिव कांग्रेस सहित सभी कांग्रेसजन शामिल होंगे।

# किसान हित के लिए अंकित ने जताया पटवारियों को पूर्ण समर्थन

## गिरदावरी के बहाने अडानी को डाटा उपलब्ध करा रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी है ना वो जनता को समझ पा रही और ना ही प्रशासनिक अमले को। सिर्फ और सिर्फ ऋण लेकर राज्य को कर्ज में डाल अपने मंत्रियों के बंगलों की साज सज्जा की जा रही, उनके काफिले के लिए नई गाड़ियां खरीदी जा रही।

छत्तीसगढ़ की गाढ़ी कमाई का दोहन कर अन्य राज्यों में हो रहे चुनावों के लिए खर्च किया जा रहा। वर्तमान भाजपा की डबल इंजन सरकार में पूरे प्रदेश के पटवारी हड़ताल में चले गए हैं। जिसके कारण खेती किसानी के दिन में किसानों को इस भाजपा सरकार में और समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उनकी 32 सूत्रीय मांगों के अनुसार भुंइया साफ्टवेयर में बहुत अधिक त्रुटियां और विसंगतियाँ है। कई कृषकों का नाम गायब हो जा रहा है। कई खसरा नंबर दूसरों के खाते में जाकर जुड़ जा रहे है। नाम में पिता सेव करने पर पति हो जा रहा है।



ऑनलाइन प्रविष्टि गायब हो जा रही है। यहां तक लिपिकीय त्रुटि होने पर उसमें भी पटवारी सुधार नहीं सकता। राम यदि रामा हो जाता है तो उसको सुधारने के लिए एसडीएम कार्यालय में धारा 114, 115 के अंतर्गत आवेदन लगाना पड़ता है। ऑनलाइन कार्य के लिए पटवारियों का न कंप्यूटर, न लैपटॉप, न प्रिंटर की सुविधा, न नेट सुविधा है। अंकित ने बताया कि इस आंदोलन से नामांतरण, खाता विभाजन, खरीदी बिक्री के कार्य रुक गए है। बच्चों का आय, जाति निवास प्रमाणपत्र नहीं बन रहे। राजस्व न्यायलय के कार्य रुके पड़े है। नजरी नक्शा के न बन पाने के कारण अपराधों के चार्ज शीट न्यायालय में जमा नहीं हो पा रहे। राजस्व पखवाड़ा का कार्य ठप पड़ गया है। भू स्वामित्व योजना के कार्य लटक गए है। जिससे लागतार राजस्व से सम्बंधित सभी मामले थम गए हैं। अंकित ने बताया कि इन समस्याओं के चलते आज तक कई गांव में बंदोबस्त त्रुटि सुधारी नहीं हो पाई है। बागबाहरा में वार्ड क्रमांक 2 से लेकर 9 तक का नक्शा गायब है। साथ ही दूसरे राज्यों में आरक्षण का लाभ पा रहे व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ में इस आरक्षण में नही आ रहे वो भी जमीन रजिस्ट्री में उस जाति का लाभ ले रहे हैं, जिसे भी ऑनलाइन जानकारी के कॉलम में डाला जाना चाहिए।

बिजनेस साईट

## विशाल ऑपरेशन शिविर 1 से 3 अगस्त तक अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवम बीजू कार्ड के अंतर्गत आपरेशन नि:शुल्क



अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में इस विशाल ऑपरेशन शिविर जिसमें विभिन्न प्रकार के हर्निया, गॉलब्लैडर पथरी, लीवर, अपेंडिक्स, महिला रोग संबंधित जैसे गर्भाशय, अंडाशय में गठन, सिस्ट, फाइब्रॉयड,स्तन की गठान , पोलिप, किडनी स्टोन, हाइड्रोसील, परफोरेशन,पाइल्स, फिशर, दूरबीन द्वारा पेट की जांच, कैंसर संबंधित ऑपरेशन का दूरबीन,लेजर या ओपन पद्धति से भारत के प्रसिद्ध सर्जन की टीम द्वारा किया जाएगा।

अग्रवाल नर्सिंग होम बसना के संचालक डॉक्टर एनके अग्रवाल ने बताया कि 1 से 3 अगस्त तक हमने विशाल आपरेशन शिविर रखा है। जिसमें भारत के प्रख्यात डॉक्टरों की टीम डॉ. संदीप दवे दूरबीन पद्धति शल्य चिकित्सक (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन (रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर), (अग्रवाल नर्सिंग होम बसना) से डॉक्टर भारती अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कार्तिक राजा लेप्रोस्कोपिक सर्जन शिविर का संचालन करेंगे। राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवम बीजू कार्ड के अंतर्गत उपलब्ध आपरेशन निःशुल्क किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### बेलसोंडा स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा के प्राथमिक शाला परिसर में 17 जुलाई को अपराजिता वी क्लब महासमुंद द्वारा पौधरोपण किया गया। जिसमें अध्यक्ष वी ममता जैसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर, कोषाध्यक्ष वी नीलम जैसवाल, वी निरंजना चंद्राकर, वी तारिणी चंद्राकर, वी राजश्री ठाकुर, वी उपसरपंच हुलसी चंद्राकर आदि मौजूद रहे। इस दौरान फलदार, छायादार एवं सुगंधित फूलों का पौधरोपण किया गया।



### खट्टी में हुआ पौधरोपण

**महासमुंद।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ग्राम खट्टी में श्रीकांत शर्मा ने पौधरोपण किया गया।

### गांजा तस्करों को 10-10 साल की कैद, 50-50 हजार रुपए जुर्माना

**महासमुंद।** गांजा तस्करी का अपराध सिद्ध होने पर एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने दो लोगों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि न चुकाने पर 6-6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना क्षेत्र के सहायक उपनिरीक्षक को देहात भ्रमण के दौरान 7 जून 2023 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक्टिवा में दो व्यक्ति एक बोरी में बिक्री के लिए गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं।सूचना पर पुलिस ने एक्टिवा सवारों को रोका। पूछताछ में एक ने अपना नाम आकाश धाकड़ (19) और दूसरे ने अभिषेक अहिवार (19) बताया। दोनों म.प्र के विदिशा जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों के कब्जे से 20 किलो गांजा जब्त किया गया। अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया।

# एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने की मांग

## शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर भाजपा नेता थानसिंह दीवान के साथ संजय शर्मा मिले मुख्यमंत्री से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा सभापति एवं भाजपा कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में जिला से प्रांतीय संयोजक और दुर्ग संभाग प्रभारी सुधीर प्रधान, रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंदकुमार साहू, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, सहसचिव सालिकराम साहू, कोषाध्यक्ष बागबाहरा देवेंद्र चंद्राकर के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिक्षक एलबी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मिलकर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है, संविलियन के समय से कुल सेवा के लिए 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नहीं हो रहे है। यह स्थिति 2028 तक सेवानिवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए होगा। यह अत्यंत दुखद है कि रिटायर होने वाले



शिक्षक एलबी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर है। शिक्षक एलबी संवर्ग के सम्बंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग किया गया। जिसमें पूर्व सेवा (शिक्षाकर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किया जाएं। मध्यप्रदेश की तरह पूर्व सेवा अवधि ( प्रथम नियुक्ति तिथि ) के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति शीघ्र किए जाने का पक्ष रखा गया। सीजीपीएफ में 12 प्रतिशत से अधिक राशि की स्वैच्छिक कटौती किए जाने का पक्ष रखा गया। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने के लिए चर्चा की गई। देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेस इलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10.30 से 4.30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने के विषय पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन सहित सभी विषय की चर्चा को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी मांगों को दिखवाकर निर्णय लिया जाएगा। जिला एव ब्लॉक पदाधिकारियों ने शिक्षकीय समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी है।

### निर्देश : कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक

# लोगों की उम्मीद अफसरों से, संवेदनशीलता से करें समस्याओं का निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**खाद-बीज की कालाबाज़ारी की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई के दिए निर्देश**

कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने जनचौपाल में प्राप्त प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और कहा कि उनका समय पर निराकरण करें। साथ ही संबंधित को भी की गई कार्रवाई से अवगत कराएं। कलेक्टर मलिक ने अधिकारियों से कहा कि आमजन बड़ी उम्मीद से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों में आते है, इसलिए उनकी



समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से त्वरित समाधान होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर मलिक ने किसानों को समय पर खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने व खाद-बीज की कालाबाज़ारी की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने कहा। साथ ही उन्होंने किसान सम्मान निधि अंतर्गत दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र किसानों को किसान सम्मान निधि के आवेदनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाए जिससे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। यूरिया और डीएपी खाद की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मलिक ने महिला एवं बाल विकास विभाग को मातृत्व वंदन योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसी तरह बिजली विभाग को ब्लाइंड स्पॉट चिन्हांकित कर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कहा। उन्होंने वनपट्टाधिकार पत्र की पोर्टल में एंट्री करने कहा। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पेंशन प्रकरण, पोषण वाटिका और अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण के संबंध में की गई कार्यवाही जानकारी ली।

## ठेकेदारों की समस्याओं पर हुआ चिंतन, लिए गए कई निर्णय भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **ठेकेदार एसोसिएशन ने कोडार में मनाया वार्षिक समारोह, दिखाई एकजुटता**

जिला ठेकेदार एसोसिएशन का वार्षिक समारोह कोडार रेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। जिसमें ठेकेदारों की समस्याओं की समीक्षा की गई एवं अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। ठेकेदार यूनियन के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि ठेकेदार एसोसिएशन के संघर्षों से ठेकेदारों के अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं का निराकरण किया हुआ है, कुछ समस्याएं अभी भी है। जिनके निराकरण के लिए हमें संघर्ष करना होगा। ठाकुर ने कहा कि मैनुअल टेंडर बीस लाख से बढ़ाकर पचास लाख किए जाने सहित महत्वपूर्ण मांगों को लेकर हमें फिर से संघर्ष करने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश एसोसिएशन से चर्चा कर आगामी समय में संबंधित मंत्री एवं अधिकारियों से मिल कर अपनी मांग रखी जाएगी। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष रामस्नेही जायसवाल, जिला सचिव राजेश जैन, ईश्वर सिन्हा, अविनाश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर, जितेंद्र साहू, तारकेश्वर कोसरिया, पिंटू खन्ना, धम्मू जायसवाल सहित अनेक ठेकेदारों ने संबोधित किया। उक्त में कार्यक्रम में जिले के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## गायत्री प्रसाद को वाणिज्य विषय पर पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विषय में अतिथि व्याख्याता के रूप में पदस्थ गायत्री प्रसाद पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। बेहरापाली निवासी गायत्री प्रसाद पटेल ने अपनी पीएचडी की उपाधि मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर से प्राप्त की है। उनके शोध का विषय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का अध्ययन विधानसभा क्षेत्र के विशेष संदर्भ में किया है। शोध निदेशक मैट्स स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता के निर्देशन में पूर्ण किया है। वे विगत 6 वर्षों से स्थानीय वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विषय में अतिथि व्याख्याता के रूप में पदस्थ थे। गायत्री प्रसाद पटेल के पीएचडी के अवार्ड होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई, सहायक प्राध्यापकगण, इष्ट मित्रों आदि ने हर्ष जताया है।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में हुआ विशेष शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धि गुप्ता, खेल कप्तान शुभांश शर्मा और हाउस प्रीफेक्ट्स ने मिलकर शपथ ली। समारोह में भारतीय सेना केएल सोनी और भारतीय नौसेना के हरिश्चंद्र चंद्राकर उपस्थित थे।

विद्यालय के प्रेरणाश्रोत प्रधानाचार्या पूजा शर्मा और सभी शिक्षक भी इस समारोह में मौजूद थे। समारोह की शुरुआत प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सभी नवनिर्वाचित छात्रों को



उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। सेवानिवृत्त जवानों ने भी छात्रों को संबोधित किया और उन्हें देशभक्ति, अनुशासन, और सेवा भावना के महत्व के बारे में बताया। छात्रों ने गर्व के साथ शपथ ली और अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प लिया।

इस शपथ ग्रहण समारोह ने छात्रों को उनके नए उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक किया और उन्हें प्रेरित किया कि वे स्कूल और समाज के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करें। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोग शामिल हुए और भारत माता की जयकार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर ने छात्रों को उनके आगामी कार्यकाल के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन किया।

### सड़क दुर्घटना में मौत के मामले की जांच, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिटांगीपाली के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने अपनी जांच में बताया कि 24 जुलाई 2023 की रात करीब 10 बजे रोशन नायक अत्यधिक शराब पीकर पत्नी संगीता के मायके ग्राम बिटांगीपाली आया और खाना नहीं खाया। रात करीब 3 बजे रोशन ने संगीता से विवाद किया और सिगरेट पीते हुए बाहर निकल गया। संगीता भी उसके साथ बाहर निकली, तब रोशन ने पानी लाने के लिए कहा, तो संगीता घर अंदर पानी लेने चली गई। तभी उसे जोर की आवाज सुनाई दी। संगीता ने जब बाहर जाकर देखा तो रोशन रोड पर पड़ा हुआ था। ठीक से बोल नहीं पा रहा था । संगीता ने पूछा कि क्या हुआ, तो रोशन ने हाथ से इशारा कर बताया कि गाड़ी ने ठोकर मार दिया है। घटना के बाद घायल रोशन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग जांच और पीएम रिपोर्ट के आधार पर किसी अज्ञात वाहन के एक्सीडेंट करने से तथा चोट लगने से रोशन की मौत होना पाए जाने से अपराध धारा 304 ए भादवि के तहत अपराध कायम किया है।

## टोल प्लाजा पर स्थानीय वाहनों को छूट देने भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर घोड़ारी से सरायपाली के दौरान स्थित ढांक और छुईपाली टोल प्लाजा पर सीजी 06 चार पहिया वाहनों को टोल फ्री करने की मांग को लेकर जिले के नागरिक पिछले 11 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। आंदोलन को चैंबर आफ कॉमर्स, व्यापारी संघ, ट्रक एसोसिएशन, किराना व्यापारी संघ, अधिवक्ता संघ, कांग्रेसी विधायक के साथ-साथ अलग- अलग यूनियन का भी



समर्थन मिल रहा है और ये अनिश्चितकालीन हड़ताल अब धीरे-धीरे आंदोलन का रुप लेता जा रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे संजय चौधरी पिछले 15 जुलाई से भूख हड़ताल पर है। चौधरी ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नही हो जाती तब तक हमारा भूख हड़ताल जारी रहेगा। बता दें कि घोड़ारी से सरायपाली की दूरी 120 किमी है और दो टोल प्लाजा पडता है। ढाक टोल प्लाजा पर एक कार से 175 रुपये व महासमुंद पासिंग कार से 85 रुपये टोल लगता है, वही छुईपाली टोल प्लाजा पर एक कार से 130 रुपए व महासमुंद पासिंग से कार से 65 रुपये टोल टैक्स लगता है। जिससे महासमुंद वासियों को काफी दिक्कत होती है।

## हत्या की आशंका, भटक रही महिला को न्याय दिलाने संगम समिति ने की पहल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

समीपस्थ ग्राम कुटेला में लगभग पंद्रह दिन पूर्व गांव के ही तालाब से गांव के ही मुकेश दास नामक व्यक्ति का शव प्राप्त हुआ। पुलिस द्वारा मर्ग क़ायम कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के उपरांत ही गांव में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। दबी जुबान से लोग गांव के ही कुछ लोगों का नाम ले रहे एवं पुलिसिया जांच पर सवाल उठा रहे है। घटनास्थल पर उपस्थित कई लोगों ने फ़ोटो वीडियो भी बनाया हुआ है। जिसमें स्पष्ट मृत व्यक्ति के कान से खून निकलते दिख रहा है। फ़ोटो वीडियो देख कर गांव वाले कुछ और ही कह रहे है। अब घटना के एक माह बाद भी प्राथमिकी दर्ज कराने जवान बेटे की बूढ़ी मां थाने के चक्कर काट रही है। उनका कहना है कि वह पढ़ी लिखी नहीं है। अब न्याय के लिए दरदर भटकना पड़ रहा है। मृत व्यक्ति की मां ने संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल से संपर्क किया, तब अग्रवाल ने महिला को आश्वासन दिलाया है। आखिरी स्थिति तक न्याय के लिए संगम सेवा समिति एवं सभी सदस्य महिला के साथ है।

# ऑक्सीजोन बनाने युवाओं की पहल सराहनीय : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के ग्राम खम्हरिया में भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर की उपस्थिति में श्रीराम सेवा सोसायटी के सेवाभावी स्वयं सेवकों द्वारा गांवों के तालाब पार के मेड़ में पीपल एवं बरगद का छायादार पौधों का रोपण किया गया। भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने ग्राम खम्हरिया की समाजसेवी श्रीराम सेवा सोसायटी के सदस्यों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समिति के सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम महाभियान में सहभागिता निभाते हुए तालाब पार के मेडों में आज जो पीपल ,बरगद का रोपण किया है वह भविष्य में निश्चित ही हम सबको ठंडी घनी छाया देते हुए पूरे आसपास के क्षेत्र को स्वस्थ स्वच्छ आबोहवा प्रदान करेगा।

जिला महामंत्री प्रदीप ने अपने गृहग्राम खम्हरिया के श्रीराम सेवा सोसायटी के सदस्यों और ग्रामीणों के साथ पीपल बरगद का रोपण करते हुए कहा कि आज जो हमने पौधरोपण किया है, वो हमारी आने वाले पीढ़ियों का स्वस्थ स्वच्छ वातावरण में अमृततुल्य जीवन का आधार बनेगा। इस अवसर पर शामिल श्रीराम सेवा सोसायटी के सदस्यों और ग्रामीणों के बीच कोरोनाकाल के भीषण महामारी के दौर का स्मरण करते हुए जिला महामंत्री प्रदीप ने कहा कि जीवन के उस दुखद समयकाल को हम कभी भूल नहीं सकते, जब ऑक्सीजन की कमी के चलते कितने ही लोगों ने अपने प्राण गंवाए थे। जीवनदायिनी ऑक्सीजन के लिए लोग एक हॉस्पिटल से दूसरे



हॉस्पिटल भटकते रहे तब भी तन, मन, धन सब होने के बाद भी लोगों को ऑक्सीजन और हॉस्पिटल ने जगह की कमी के चलते अपने जान गंवानी पड़ी। लाखों रुपए खर्च कर भी कोरोना पीड़ित को ऑक्सीजन की कमी के कारण दम तोड़ते हम सभी ने देखा सुना है। प्रदीप ने कहा कि खम्हरिया गांव के नागरिकों की पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जनजागरुकता प्रारम्भ से ही रही है और यही वजह था कि कोरोना काल के भीषण महामारी के दौर में भी इस गांव में किसी को कोरोना का संक्रमण नही हुआ और न ही कोरोना की बीमारी से किसी की अकाल मृत्यु हुई है। प्रदीप ने कहा कि आज जो पीपल, बरगद के विशाल छायादार पेड़ की कल्पना के साथ वृक्षारोपण की एक पहल हुई है वो आने वाले दिनों में सिर्फ इस गांव को ही नही आसपास के पूरे क्षेत्र को स्वस्थ, स्वच्छ वातावरण के साथ शुद्ध प्राकृतिक वायु प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

जिला महामंत्री की अपील पर श्रीराम सेवा सोसायटी के सदस्यों ने प्रतिदिन 2 घंटे पौधों की देखभाल सहित आगामी 2 साल तक नियमित रूप से इन पौधों की देखभाल पालनपोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड और तार घेरा वाली जाली लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। प्रदीप ने कहा कि आने वाले समय में गांव के तालाब मार्ग पर किए इस वृक्षारोपण वाले स्थान की सौंदर्यीकरण के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा और इस जगह पर पेवर ब्लॉक चेकर टाइल्स लगाकर सेल्फी जोन बनाने के साथ लोगों के विश्राम और बैठक की व्यवस्था और लाइटिंग की संपूर्ण व्यवस्था के लिए शासन प्रशासन से राशि की मांग कर इस जगह का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ग्राम खम्हरिया में किए गए पौधरोपण के अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीराम सेवा सोसायटी के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, देवशरण सेन, कुलेश्वर यादव, लोकेश सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, देवकुमार सिन्हा, संजय साहू, सोनू निषाद, शिवम पटेल, अथर्व सिन्हा, हरिश निषाद, मनीष महानंद, परमानंद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।